


# भीषण गर्मी में अस्पताल में अव्यवस्थाओं के बीच उबल रहे मरीज

## आईसीसीयू को छोड़कर शेष सभी वार्डों के हालात बद्तर, नकारा साबित हो रहे कूलर-पंखे







**नवभारत न्यूज**

**सतना 21 मई. एक ओर जहां भीषण गर्मी के चलते इन दिनों जिला चिकित्सालय में मरीजों की संख्या में खासी बढ़ोत्तरी हो गई है वहीं दूसरी ओर वहां की व्यवस्थागत समस्यायों ने मरीजों की मुसीबतों को कई गुना अधिक बढ़ा रखा है.**

वार्डों में लगे पंखे-कूलर के नकारा साबित होने के कारण वार्ड में भर्ती मरीज इस गर्मी में उबलने को मजबूर हुए जा रहे हैं. वहीं वार्ड के स्टॉफ के लिए लगे कूलर और पंखों को बाकायदा काम करता देख मरीज और उनके तीमारदारों का गुस्सा और बढ़ जा रहा है. जिला चिकित्सालय के प्रसूता, बच्चा, मेडिकल, सर्जिकल, आइसोलेशन वार्ड और पोषण पुनर्वास केंद्र में लगे पंखे और कूलर कितना काम कर रहे हैं. इसकी तस्दीक वहां पर भर्ती मरीज और उनके परिजनों की हालत को देखकर आसानी से की जा सकती है. भीषण गर्मी के इस दौर में अपने-अपने बेड पर पड़े मरीज ठीक होने के बजाए कहीं अधिक बेहाल हुए जा रहे हैं. वैसे तो कहने के लिए सभी वार्डों ममें कूलर और पंखों की व्यवस्था की गई है. लेकिन उनमें से कितने कूलर पंखे मरीजों को राहत दे पा रहे हैं, यह देखने वाला कोई नहीं है. वार्डों में लगे कई पंखे जहां केवल दिखाने के लिए डोल रहे हैं वहीं कुछ बंद पड़े हुए हैं. यही हाल कूलरों का भी है, किसी का मोटर नहीं चलता तो किसी का फैन खराब है. सूत्रों की मानें तो सभी वार्डों में लगे कूलरों की मरम्मत कागज पर पहले ही की जा चुकी है. लेकिन वास्तविकता में कूलरों की घास तक नहीं बदली गई है. लिहाजा अधिकांश पंखे और कूलर शो-पीस बने नजर आ रहे हैं. नतीजतन मरता क्या न करता की तर्ज पर तीमारदार बाजार से छोटे टेबल फैन अथवा हाथ से चलाया जाने वाला पंख खरीदकर अपने-अपने मरीजों की देखभाल में जुटे हुए हैं. समस्या की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके तीमारदारों द्वारा वार्ड स्टॉफ सहित अस्पताल के जिम्मेदारों से कई बार गुहार लगाई जा चुकी है. लेकिन अधिकांश शिकायतों को या तो अनसुना कर दिया जाता है, अथवा कोरा आश्वासन देकर बैरंग लौटा दिया जाता है. मरीज के तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल के सभी वार्डों में सुचारु व्यवस्था की जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासक पर होती है. लेकिन वे एसी की ठंडी हवा से युक्त अपने चेंबर को छोड़कर कभी बाहर ही नहीं निकलते.

### उचेहरा-बिरसिंहपुर में भी बेहाली

भीषण गर्मी के इस दौर में अव्यवस्था के बीच मरीजों के हलाकान होने का मामला केवल जिला चिकित्सालय तक ही नहीं सिमटा रहा, बल्कि जिले की उचेहरा सीएचसी और बिरहिंसपुर पीएचसी में भी यही हालात नजर आए. बिरसिंहपुर स्वास्थ्य केंद्र में जहां 10 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही. वहीं उचेहरा स्वास्थ्य केंद्र में वार्डों की बिजली बंद रही. जिसके कारण वहां पर भर्ती मरीज और उनके परिजन भीषण गर्मी-लू के बीच उबल कर रह गए. जबकि स्टाफ के कमरों के कूलर,पंखे और लाइट बाकायदा काम करती रही.


# अचानक बज उठे लाखों मोबाइल, सहम गए लोग

## बुंदेलखंड-विंध्य में भीषण लू का अलर्ट

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 मई. विंध्य और बुंदेलखंड अंचल में गर्मी सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। इसी बीच गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी और टीकमगढ़ जिलों के लाखों मोबाइल उपभोक्ताओं के फोन एक तीखी सायरन की आवाज के साथ अचानक बज उठे।**

स्क्रीन पर इमरजेंसी अलर्ट देखकर लोग कुछ देर के लिए सहम गए, लेकिन जल्द ही साफ हो गया कि यह मौसम विभाग द्वारा किया गया एक इमरजेंसी अलर्ट टेस्ट था।दोपहर के समय जब लोग अपने घरों और दफ्तरों में काम कर रहे थे, तभी स्मार्टफोन पर तेज वाइब्रेशन और एक अनोखा सायरन सुनाई दिया। फोन लॉक होने के बावजूद स्क्रीन पर




एक फ्लैश मैसेज दिखाई दिया, जिसमें क्षेत्र में तीव्र लू चलने की चेतावनी दी गई थी। सामान्य रिंगटोन से बिल्कुल अलग और बेहद तेज आवाज होने के कारण लोग किसी अनहोनी या तकनीकी खराबी के डर से घबरा गए। हालांकि, मैसेज के नीचे टेस्ट अलर्ट लिखा देखकर लोगों ने राहत की सांस ली। प्रशासन और मौसम विभाग ने आगामी दिनों में आने वाले खतरे को भांपते हुए इस आधुनिक तकनीक का सहारा लिया। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को सीधे और तुरंत सचेत करना था।

# सभापति के धरने के आगे झुका प्रशासन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 मई. शिक्षकों के संविलियन के मुद्दे पर जिला पंचायत सदस्य और संचार व संकर्म समिति के सभापति ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू के आक्रामक रुख के आगे आखिरकार जिला प्रशासन को झुकना ही पड़ा।**



पूर्व घोषित अल्टीमेटम के तहत गुरुवार 21 मई को ज्ञानेंद्र सिंह ने जिला पंचायत परिसर में शाम 4.00 से 6.00 बजे तक दो घंटे का सांकेतिक धरना दिया। मिली जानकारी के अनुसार बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए शिक्षक जिनकी प्रतिकूल टिप्पणियां हाई कोर्ट ने विलोपित कर दी गई हैं और जिनके मामलों में कोई विशेष कानूनी पेंच नहीं है, उनका संविलियन 10 जून से पहले पूरा किया जाएगा। वहीं विशेष सत्र से जु? एजेंडा और जानकारियों के फोल्डर 10 जून को ही सभी संबंधितों को उपलब्ध करा दिए जाएंगे। संविलियन के अंतिम निराकरण के लिए 16 जून को दोपहर 2.00 बजे जिला पंचायत का विशेष सत्र आयोजित करने की तारीख तय कर दी गई है। सदस्य के इस धरने का असर यह हुआ कि प्रशासनिक अमला तत्काल हरकत में आया और धरना खत्म होते ही शाम 6.30 बजे एक आपात उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, सीईओ शैलेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी और बैठक प्रभारी शिवरतन सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जेल भेजा गया अस्पताल से नवजात चोरी का आरोपी

## महिला को सबक सिखाने दिया घटना को अंजाम

**नवभारत न्यूज**

**सतना 21 मई. जिला चिकित्सालय के प्रसूता वार्ड से नवजात को चुराकर ले जाने के प्रयास जैसी सनसनीखेज घटना का पटाक्षेप करते हुए पुलिस ने आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया. आरापी ने पुलिस को बताया कि चार्जर को लेकर हुए विवाद के चलते महिला को सबक सिखाने की नियत से उसने घटना को अंजाम दिया था.**



माडा टोला निवासी महिला शिवानी चौधरी द्वारा मंगलवार की सुबह जिला चिकित्सालय में बच्चे को जन्म दिया गया था. जिसके चलते वे प्रसूता वार्ड में भर्ती थीं. मंगलवार की रात शिवानी को नींद में देखते ही एक युवक उनके पास पहुंच गया और नवजात को उठाकर झोले में रख लिया. जिसके बाद वह नजरें बचाता हुआ प्रसूता वार्ड से बाहर निकल गया. लेकिन जैसे ही वह बाहर निकला तो हाथ में लिए झोले से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी. यह सुनकर वहां पर मौजूद नई बस्ती निवासी महिला अभिलाषा तिवारी को शंका हुई. जिसके चलते अभिलाषा ने जब युवक का पीछा किया तो झोले में से बच्चे के पैर नजर आए. मामले की गंभीरता को भांपते हुए अभिलाषा ने फौरन युवक को रोक लिया और पूछताछ शुरु कर दी. लेकिन रुकने के बजाए युवक वहां से भागने लगा. यह देख अभिलाषा ने शोर मचाते हुए उसका पीछा करना शुरु कर दिया. स्वयं को फंसता देख युवक झोले को वहां पर फेंकते हुए भाग निकला. शिवानी और अभिलाषा दोनों के बयान लेने और अस्पताल में लगे सीसटीवी फुटेज की जांच करने पर पुलिस ने आरोपी की पहचान करते हुए उसे बुधवार को ही उठा लिया था. वहीं पूछताछ पूरी करने के बाद अगले दिन आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया. पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी विपिन सोनी ने बताया कि मोबाइल के चार्जर को लेकर उसका शिवानी के साथ कुछ विवाद हो गया था. लिहाजा शिवानी को सबक सिखाने की नियत से उसने इस घटना को अंजाम दिया. हलांकि यह बात और है कि पुलिस द्वारा घटना के पीछे का जो कारण बताया जा रहा है वह किसी के भी गले नहीं उतर रहा है.

# बन्द का समर्थन करने पर आभार

**सतना, 21 मई.** ए आई ओ सी डी द्वारा भारत की सभी दवा दुकानों के बंद के समर्थन में सतना जिले के सभी 1475 दुकान बंद रही इस बंद एवं महारैली को सफल बनाने में सतना जिला दवा विक्रेता संघ,सतना अध्यक्ष दीनदयाल तिवारी और उनकी संपूर्ण टीम को सहयोग करने के लिए विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स, स्क्र यूनियन, क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं शहर,ग्रामीण, तहसील के सभी पदाधिकारी,कार्यकारिणी एवं दुकानदारों का आभार व्यक्त करती है। दीनदयाल तिवारी द्वारा इन सभी संस्थाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

# बालिका की सर्जिकल ड्रेसिंग के बाद बढ़ी परेशानी, लापरवाही का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 मई. चार वर्षीय बच्ची के परिजनों ने कथित चिकित्सकीय लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि गलत उपचार के कारण बच्ची की स्थिति लगातार बिगड़ती गई और उसका खाना-पीना लगभग बंद हो गया।**



गुरुवार को जिला अस्पताल के दक्षिणी गेट स्थित दुर्गा मंदिर के पास पावर हाउस रोड पर संचालित निजी क्लीनिक के बाहर परिजन विरोध प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। पीड़ित बच्ची धानी सिसोदिया निवासी हवाई पट्टी के चाचा प्रेम सिसोदिया ने आरोप लगाया कि बच्ची को गर्दन में सूजी हुई गांठ (लिम्फ नोड सूजन) की शिकायत थी, जिसके उपचार के लिए उसे क्लीनिक लाया गया था। परिजनों के अनुसार, चिकित्सक द्वारा दवा के माध्यम से गांठ में परिपक्व संक्रमण (अबसेस फार्मेशन) विकसित होने का उपचार किया गया। आरोप है कि तीन-चार दिन तक इंजेक्शन दिए जाने के बावजूद संक्रमित द्रव (पश्स) की उचित निकासी नहीं की गई। बाद में बच्ची को क्लीनिक स्टाफ के पास भेजा गया, जहां कथित रूप से कैंची से चीरा लगाने की प्रक्रिया की गई, जिसके बाद संक्रमण आसपास के ऊतकों में फैल गया।

परिजनों ने दावा किया कि संक्रमण बढने के बाद बच्ची को निगलने में गंभीर परेशानी होने लगी तथा उसकी भोजन नली प्रभावित हो गई। उनका आरोप है कि बच्ची जो भी तरल पदार्थ पीती है, वह गले से बाहर निकल जाता है।

### विरोध के दौरान पुलिस पहुंची

परिजनों का आरोप है कि जब वे शांतिपूर्ण तरीके से क्लीनिक के बाहर बैठे थे, तब क्लीनिक प्रबंधन की ओर से कोतवाली पुलिस को बुलाया गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने परिजनों को वहां से हटाने का प्रयास किया और अपनी बात थाने में रखने को कहा। परिजनों ने इसे दबाव बनाने की कोशिश बताया है।

# पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 मई. निगमायुक्त डॉ. शेर सिंह मीना के निर्देशन में पुस्तकालयों में पाठकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने एवं अध्ययन-अनुकूल वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से आज सहायक लाइब्रेरियन श्री अजय परमार के नेतृत्व में लाइब्रेरी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा निगम क्षेत्र अंतर्गत पुष्कर्णी पार्क एवं टाउन हॉल स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया।**



निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय भवन की आवश्यक मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, पंखे, कूलर एवं शौचालयों की स्थिति का जायजा लिया गया तथा आवश्यक सुधार कार्यों के लिए बिंदुवार चिन्हांकन किया गया। साथ ही पाठकों को बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किए जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया।

पुस्तकालय परिसर को स्वच्छ, हरित एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण हेतु उपयुक्त स्थानों का चयन भी किया गया। निरीक्षण दल ने पुस्तकालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षार्थियों एवं अन्य पाठकों के लिए शांत, स्वच्छ और सुविधायुक्त वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय की उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने संबंधी आवश्यक सुझाव दिए गए। यह पहल पुस्तकालयों को अधिक उपयोगी, सुविधासंपन्न एवं पाठक-अनुकूल बनाने तथा नागरिकों में पठन-पाठन की संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# जंगल में मिला लापता वृद्ध का शव

**नवभारत न्यूज**

**सतना 21 मई. जिले के उचेहरा क्षेत्र में पिछले 5 दिन से लापता बुजुर्ग का शव जंगल में पेड़ पर पाया गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार उचेहरा तहसील अंतर्गत तिघरा पाठा पंचायत के मोहन्ना गांव के निवासी छोटेलाल दहायत उम्र 70 वर्ष 16 मई से लापता थे. परिजनों के अनुसार वे 16 मई की सुबह 8 बजे लकड़ी लेने के लिए घर से निकले थे. लेकिन काफी समय बाद भी जब वे वापस लौट कर नहीं आए तो परिजनों द्वारा खोजबीन शुरु की गई. चूंकि वे उक्सर लकड़ी लेने के लिए भाकुल बाबा मंदिर के निकट जंगल के प्लांटेशन क्षेत्र की ओर जाया करते थे. लिहाजा परिजनों ने वहां जाकर उनकी तलाश की. लेकिन कहीं कोई पता नहीं चलने पर थाने में शिकायत की गई. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर तलाश की ही जा रही थी कि गुरुवार को उनका शव मिलने की जानकारी सामने आ गई. लापता बुजुर्ग का शव भाकुल बाबा के निकट कमरो नाला क्षेत्र में एक पेड़ पर मिली. शव की हातल देखने पर संभावना जताई गई कि संभवत: किसी वे किसी वन्य प्राणी का शिकार बन गए. पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है.

# शहर कांग्रेस के पांचों मंडलम की हुई बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 मई. सतना शहर के हनुमान नगर नई बस्ती ब्लॉक के अंतर्गत सभी पांचो मंडलम की बैठक होटल सनशाइन में जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी के नेतृत्व में ली गई.**



जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त सतना जिला प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी , सतना विधानसभा के प्रभारी आनन्द शुक्ला एवं ब्लॉक अध्यक्ष अजय बहादुर सिंह (मोहन सिंह) की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह जी ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर प्रवक्ता अमित गोयल ने किया। सतना विधानसभा प्रभारी आनंद शुक्ला ने नवनियुक्त मंडलम अध्यक्षों को प्रदेश से प्राप्त निर्देशों की जानकारी दी तथा उनके द्वारा अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के पश्चात उनके कार्यों की समीक्षा की । इस दौरान नवनियुक्त मंडलम अध्यक्षों को माला पहनकर बधाई दी गई।

इस अवसर पर नागेश्वर मिश्रा, रमेश द्विवेदी, जेपी कुशवाहा, पीयूष पटनाहा, बाल गोविंद पाल, राजीव रजक, श्रवण कुमार कुशवाहा, सुखेंद्र वर्मा, उमेश कुशवाहा, कृष्ण सिंह एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर के प्रवक्ता अमित गोयल ने दी।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 21 मई. पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 35वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस पर गुरुवार 21मई को जिला कांग्रेस कमेटी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस जनों ने बिरला रोड संतोषी माता तिराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष पहुंचकर उन्हें नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए।**



इस अवसर पर नेताओं ने उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उनके योगदान को दोहराते हुए उनके प्रमुख कार्यों में मतदान की आयु को 21 से घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना और देश में कंप्यूटर, दूरसंचार क्रांति एवं आधुनिक भारत की नींव रखने का उल्लेख किया गया। उपस्थित जनसमूह को विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू एवं शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी द्वारा संबोधित करते हुए स्व. राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर दोनों अध्यक्ष के साथ वीरेंद्र द्विवेदी,अमित गोयल, डॉ पीडी पटेल, राम शंकर पयासी,भागवत तिवारी, नागेश्वर मिश्रा,अशोक चक्रवर्ती,संदीप सिंह, केके कुशवाहा,हरदर्शन पयासी,संतोष गेलानी, सुरेंद्र चौधरी,रामबदन कुशवाहा,संजय तिवारी,संजय पटेरिया, मिथिलेश सिंह, सत्येंद्र निगम, जतिन शाह, सविता अग्रवाल, हेमलता त्रिपाठी, महेन्द्र मिश्रा,मोहन सिंह, पियूष पटनहा, मोहन सिंह, रमेश द्विवेदी, प्रदीप समदड़िया, संजीव अग्रवाल, आदर्श त्रिवेदी दिलीप आर्य, रमेश सेन, जगदीश सेन,बरमेन्द्र सिंह, राज ललन सिंह, किशन कुमार, किशोर मलिक, राजीव बैरागी, प्रकाश बुधौलिया, अरविंद सिंह निराला, अशोक पिंजवानी, तिलक राज सोनी, अच्छेलाल यादव, संतोष द्विवेद, विनोद द्विवेद, मो अजीम, रमेश मिश्रा,संजय तिवारी मनोज कुशवाहा जय मिश्र आनंद सेन कमलनाथ विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार सिंह अजय सिंह राम धीरज कुशवाहा, मोहनलाल प्रजापति, उमेश प्रजापति रामप्यारी चौधरी प्रिंस द्विवेदी रामवृक्ष यादव जय सिंह मदन गोपाल दहिया एवं अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## एक नजर में



### पुण्यतिथि पर सेवा संकल्प में कराया भोजन

**सतना ।** दिवाकर प्रसाद निगम की धर्म पत्नी स्व. कौशिल्या निगम की पांचवी पुण्यतिथि पर जिला चिकित्सालय में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन कराया गया।इस अवसर पर प्रकाश चन्द्र निगम, अनिल निगम, संजय, अंकित, अनुराग शिल्पी, भोले ,ऋषि ,खुशी, मधुर, अंकुर, श्रीमती मंजू निगम, रश्मि निगम, अंकिता एवं शरद मिश्रा उपस्थित रहे।

### भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग 24 एवं 25 को

**सतना-** आगामी 24 एवं 25 मई को सतना के संगम बेला में भाजपा का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया है ! प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल सहित पार्टी के कई नेता शामिल होंगे ! श्री खंडेलवाल प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन 24 मई को शामिल होंगे ! प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी को लेकर गुरुवार को संगम बेला में भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे की अध्यक्षता में प्रशिक्षण वर्ग व्यवस्था समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों की समीक्षा की गई !

### जनगणना कार्य में 95 प्रतिशत लक्ष्य हासिल

**सतना ।** नगर निगम क्षेत्र में संचालित जनगणना कार्य अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है।निर्धारित 434 एच एल बी में से 412 एच एल बी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि केवल 22 एच एल बी में कार्य शेष है।इसके साथ ही जनगणना का लगभग 95 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है।

### सिन्धु विकास समिति ने अर्पित की शोक श्रद्धांजलि

**सतना ।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं मुक्तिधाम सिन्धु सेवा समिति के मार्गदर्शक उत्तम बनर्जी के पूज्य पिताश्री दादा असीम बनर्जी के देहावसान होने की खबर से सिन्धु विकास समिति परिवार में शोक की लहर छा गई।समिति कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा दादाजी सेवा संस्कार समर्पण की अभिमूति थे उनका संपूर्ण जीवन जीते जी समाज को समर्पित था मरणोपरांत भी अपनी देह दान कर समाज को अर्पित की उनकी सादगी अनुशासन और आदर्श जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेगा।



CMYK